# झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची
# JHARKHAND ACADEMIC COUNCIL, RANCHI

## अल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना

विज्ञप्ति संख्या – ..02../2025

**विज्ञप्ति संख्या– 37/2024 के माध्यम से ज्ञापित निविदा, निविदा प्रपत्र के तकनीकि बीड में उद्धृत शर्त्त की कण्डिका (21) के आलोक में अध्यक्ष, झारखण्ड अधिविद्य परिषद् के आदेश से रद्द किया जाता है।**

सभी संबंधितों को सूचित किया जाता है कि परिषद् कार्यालय के बज्रगृह में पड़े वर्ष 2022 तथा विभिन्न मूल्यांकन केन्द्रों पर संधारित वर्ष 2023 की विभिन्न वार्षिक एवं सम्पूरक परीक्षाओं (माध्यमिक/इंटरमीडिएट/मध्यमा/मदरसा/इंटर व्यावसायिक) का व्यवहृत/मूल्यांकित उत्तरपुस्तिकाएँ, जिनकी कुल संख्या **लगभग 89,14,107** है एवं अनुपयोगी कागजात तथा वर्ष 2023 एवं 2024 में जिला कोषागार से प्राप्त सामग्री की बिक्री के साथ–साथ परीक्षा से संबंधित उनउपयोगी कागजात आदि मुहरबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा प्रपत्र का मूल्य रू० 5,000/– (पाँच हजार रुपये) है, जो बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से **"JAC FUND"** के नाम से देय एवं **राँची** में भुगतेय होगा। इस ड्राफ्ट को परिषद् कार्यालय में दिनांक **19.02.2025 से 25.02.2025 तक** जमा कर निविदा प्रपत्र प्राप्त की जा सकती है। निविदा प्रपत्र सचिव, झारखण्ड अधिविद्य परिषद् कार्यालय कक्ष में रखे निविदा बॉक्स में दिनांक **25.02.2025** के अपराह्न **5:00** बजे तक डाले जायेंगे। कार्य का ब्यौरा एवं शर्त्तें निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न है। निविदा, निविदादाता या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष दिनांक **27.02.2025** को पूर्वाह्न **11:30** बजे खोली जाएगी। तकनीकि बीड एवं वित्तीय बीड अलग–अलग लिफाफा में मुहर बन्द रहेगा। दोनों लिफाफा एक अलग तीसरा लिफाफा में सीलबन्द रहेगा।

<u>निविदादाता द्वारा निम्न शर्त्तों को पूरा करना आवश्यक है :–</u>

1) आयकर, बिक्री कर का अद्यतन स्वच्छता प्रमाण पत्र (Clearance certificate)।

2) बिक्री किये गये उत्तरपुस्तिकाओं का Recycling करना अनिवार्य है। अतएव निविदादाता को इस निमित पेपर मिल से उसके संस्थान/प्रतिष्ठान की सम्बद्धता एवं Recycle करने के लिए Paper Mill से निर्गत वर्त्तमान वित्तीय वर्ष 2023–24 का मूल प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।

3) यदि आवेदक परिषद् द्वारा सदृश कार्यों के लिए आमंत्रित निविदा में पूर्व में सफल रहे हों तो परिषद् के द्वारा आयोजित परीक्षाओं की व्यवहृत/मूल्यांकित उत्तरपुस्तिकाओं के क्रय एवं उठाव के बाद उन्हें Recycling कराये जाने का प्रमाण पत्र भी संलग्न करना अनिवार्य होगा।

4) संबंधित सभी दस्तावेज को राजपत्रित पदाधिकारी अथवा नोटरी पब्लिक द्वारा अभिप्रमाणित किया जाना अनिवार्य होगा।

**नोट : निविदा प्रपत्र को परिषद् के वेबसाइट <u>www.jac.jharkhand.gov.in</u> से भी डाउनलोड किया जा सकता है।**
**निविदा प्रपत्र अगर परिषद् के वेबसाइट से डाउनलोड किया जाता है तो ऐसी परिस्थिति में प्रपत्र का मूल्य रू 5,000/– (पाँच हजार रु0) का बैंक ड्राफ्ट निविदा प्रपत्र के साथ जमा करना होगा।**

अध्यक्ष के आदेश से,

सचिव, 17/02/25

झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची।

ज्ञापांक JAC/[illegible]/6079/23/Secy/166/25
दिनांक 17.2.2025

DOP – 18.2.2025

# झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची
## JHARKHAND ACADEMIC COUNCIL, RANCHI

## निविदा प्रपत्र ( तकनीकि बीड )

विज्ञप्ति संख्या ..................................

1) निविदादाता का नाम :– ..........................................................

हिन्दी में :– ..........................................................

अंग्रेजी के बड़े (CAPITAL)अक्षरो में :– ..........................................................

2) निविदादाता के पत्राचार का पूरा पता :– ..........................................................

..........................................................

फोन न0 / मो0 नं0 ..........................................................

3) निविदा प्रपत्र की राशि हेतु D.D का विवरण :–

Amount................................ D.D. No................... Date.................

Bank name ..............................................

4) **कार्य का व्यौरा :–वर्ष 2022 एवं 2023 की परीक्षाओं (माध्यमिक / इंटरमीडिएट / मध्यमा / मदरसा / व्यावसायिक / शिक्षक प्रशिक्षण परीक्षा) का व्यवहृत / मूल्यांकित उत्तरपुस्तिकाओं का उठाव कार्य।**

(क) वर्ष 2022, 2023 एवं 2024 के अनुपयोगी कागजात (कोषागार से प्राप्त कागजात सहित) का उठाव परिषद् कार्यालय राँची, से किया जाएगा।

(ख) व्यवहृत / मूल्यांकित उत्तरपुस्तिकाओं की कुल संख्या : **89,14,107 (लगभग)**

| क्र0 सं0 | परीक्षा का नाम | मूल्यांकित उत्तरपुस्तिकाओं की संख्या (लगभग) |
|---|---|---|
| i) | सभी परीक्षा 2022 | 41,71,044 |
| ii) | सभी परीक्षा 2023 | 47,43,063 |

उपरोक्त मूल्यांकित उत्तरपुस्तिकाओं के साथ परीक्षा वर्ष 2022, 2023 एवं 2024 में कोषागर से वापस किये गये UNUSED प्रश्न पत्र–सह–उत्तरपुस्तिका का पैकेट ब्रजगृह में सुरक्षित रखा हुआ है, निविदादाता द्वारा ब्रजगृह निरीक्षण कर

मूल्यांकित उत्तरपुस्तिकाओं के साथ अनुपयोगी कागजात, जो परिषद् कार्यालय रांची में सुरक्षित रखे गये हैं, का अवलोकन कर एकमुश्त दर कोट करेंगे।

5) निविदा में एकमुश्त दर कोट करने की न्यूनतम राशि/विगत वर्ष के **भाँति** (Basic amount) 1,25,00,000./– (एक करोंड़ पच्चीस लाख रुपये) मात्र निर्धारित है। इस राशि के ऊपर ही निविदा में राशि कोट किया जा सकता है।

6) ऊपर की कण्डिका '4' में अंकित विवरणी की संख्या में आंशिक परिवर्तन हो सकता है।

7) कार्य सम्पादन की अवधि :– वर्ष 2022 की व्यवहृत उत्तरपुस्तिकाएँ तथा अनुपयोगी कागजात परिषद् कार्यालय में संधारित है, जिसका उठाव परिषद् कार्यालय से किया जाएगा एवं परीक्षा वर्ष 2023 की व्यवहृत उत्तरपुस्तिकाएँ राज्य के विभिन्न मूल्यांकन केन्द्रों में संधारित है। जिसका उठाव संबंधित मुल्यांकन केन्द्रों से किया जायेगा। इसके उठाव कार्य के लिए निर्गत किए जाने वाले कार्यादेश के साथ उक्त उत्तरपुस्तिकाओं के उठाव के लिए पूर्ण विवरणी एवं परिषद् स्तर से पत्र उपलब्ध कराया जाएगा। ताकि उठाव कार्य में कोई परेशानी न हो। कार्यादेश प्राप्त होने के दो सप्ताह के अन्दर सामग्रियों का उठाव कार्य कराना आवश्यक होगा, अन्यथा परिषद् में जमा अग्रधन की राशि से पेनाल्टी निर्धारित कर राशि कटौती कर ली जाएगी। इस संबंध में अध्यक्ष, झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची का निर्णय अंतिम होगा।

8) **सिक्यूरिटी मनी मूल्यांकित उत्तरपुस्तिकाओं के उठाव हेतु रुपये 5,00,000 (पाँच लाख) मात्र का बैंक ड्राफ्ट तकनीकि बीड के साथ संलग्न कर जमा करना अनिवार्य होगा। तकनीकि बीड के साथ बैंक ड्राफ्ट संलग्न नहीं रहने के फलस्वरुप उक्त निविदा प्रपत्र अमान्य मानी जाएगी।**

9) वाणिज्य कर G.S.T. Registration विभाग का निबन्धन प्रमाण–पत्र की सत्यापित छाया प्रति एवं अद्यतन वाणिज्य कर विभाग G.S.T. अदायगी का स्वच्छता प्रमाण–पत्र (Clearance certificate) की अभिप्रमाणित छाया प्रति (विगत छः माह के पूर्व का नहीं) निविदा के साथ संलग्न करना आवश्यक है।

10) वर्त्तमान वित्तीय वर्ष 2024–25 में उत्तरपुस्तिकाओं को Recycling के लिए पेपर मिल से सम्बद्धता एवं Recycle मिल का वर्त्तमान वर्ष का प्रमाण पत्र, साथ ही मिल से उसके **Letter Pad** में निम्न प्रकार **"Certified that Answer Books and Other Waste Papers purchased by the tender will be used for the pulp making by the particular paper mill"** का एक प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।

11) आयकर विभाग का तीन वर्ष (2021–22,2022–23 एवं 2023-24) का Income Tax Return (ITR) की कॉपी एवं निविदादाता या प्रतिष्ठान के **PAN** कार्ड की छाया प्रति (अभिप्रमाणित) संलग्न करना अनिवार्य है।

12) वित्तीय वर्ष 2021–22,2022–23 एवं 2023-24 का ऑडिट रिपोर्ट संलग्न करना अनिवार्य होगा।

13) निविदा दाता द्वारा निम्नांकित आशय का शपथ पत्र देना अनिवार्य है :–

**"This is to certify that the used answer books and other waste papers obtained from Jharkhand Academic Council will be used for making and/or manufacturing of recycled paper/board only. Our/My firm/ organization is not blacklisted."**

14) निविदादाता द्वारा इस कार्य के लिए अनुभव प्रमाण पत्र (सरकारी संस्था) की अभिप्रमाणित छाया प्रति संलग्न करना आवश्यक होगा।

15) संलग्न किये जाने वाले सभी कागजात को राजपत्रित पदाधिकारी/नोटरी पब्लिक द्वारा अभिप्रमाणित होना अनिवार्य है।

16) Recycle कार्य को 03 माह के अन्दर पूर्ण करने के उपरान्त पेपर मिल द्वारा निर्गत Recycle करने संबंधी प्रमाण–पत्र की मूल प्रति उसके 45 दिनों के अन्दर परिषद् कार्यालय को समर्पित करना अनिवार्य होगा। इसके बाद ही जमा अग्रधन की राशि परिषद् द्वारा वापस की जाएगी।

17) उपर्युक्त शर्त्तों के अलावे अन्य शर्त्तें निम्नवत है :–

(1) जिन्हें कार्यादेश देने का निर्णय होगा, उन्हें परिषद् द्वारा **निर्धारित तिथि** तक पूरी राशि एकमुश्त परिषद् कोष में जमा करनी होगी। निर्धारित तिथि तक पूरी राशि जमा नहीं करने पर उन्हें दिया गया कार्यादेश निरस्त कर अग्रधन की राशि जब्त कर ली जाएगी।

(2) व्यवहृत/मूल्यांकित उत्तरपुस्तिकाओं, जिसे तकनीकि बीड के कॉलम (4) में एकमुश्त राशि बिक्री हेतु दर कोट करेंगे।

18) Security Money का बैंक ड्राफ्ट तकनीकि बीड के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।

19) डाक ,कुरियर, ई–मेल या अन्य किसी माध्यम से प्रेषित निविदा प्रपत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा। परिषद् कार्यालय में संधारित निविदा बॉक्स में डाले गये निविदा ही विचारयोग्य माना जाएगा।

20) आरक्षी अधीक्षक द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण–पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।

21) परिषद् के अध्यक्ष को एक से अधिक निविदादाताओं को कार्यादेश देने अथवा बिना कारण बताये निविदा रद्द करने का अधिकार पूर्ण सुरक्षित रहेगा। निविदा रद्द होने की स्थिति में निविदा प्रपत्र का मूल्य वापस नहीं होगा।

22) तकनीकी बीड के साथ जमा किए जानेवाले सभी अभिलेखों का एक Index बना कर मुखपृष्ठ पर संधारित किया जाएगा। ताकि अभिलेखों की समीक्षा में सुलभता हो।

23) किसी भी विवाद का फैसला स्थानीय न्यायालय में होगा।

24) तकनीकी बीड से संबंधित सभी अभिलेख तद्नुसार क्रमवार तकनीकी बीड के साथ संलग्न करना सुनिश्चित किया जाय। संलग्न अभिलेख पर पृष्ठ संख्या अंकित करना अनिवार्य होगा। संलग्न अभिलेखों का नाम एवं पृष्ठ संख्या का उल्लेख तकनीकी बीड के मुख पृष्ठ पर Index तैयार कर संधारित करना आवश्यक होगा। अन्यथा की स्थिति में किसी प्रकार की कठिनाई होने पर इसकी सारी जिम्मेवारी संवेदक की होगी एवं परिषद् का निर्णय सर्वमान्य होगा।

## घोषणा

मैं .................................................................................................... एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि उपर्युक्त सभी कथन सत्य है। कार्यादेश प्राप्त होने की स्थिति में वांछित कार्य परिषद् के नियमानुसार/शर्त्तों के अनुसार ससमय सम्पादित करूँगा। किसी प्रकार की भूल, त्रुटि एवं शर्त्तों के विरुद्ध कार्य सम्पादित होने पर अथवा कोई भी कथन असत्य पाये जाने पर, परिषद् द्वारा नियमानुसार लिया गया निर्णय मान्य होगा।

दिनांक – ..........................................
स्थान – ..........................................

निविदादाता का हस्ताक्षर

# झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची
## JHARKHAND ACADEMIC COUNCIL, RANCHI

### निविदा प्रपत्र (वित्तीय बीड)

| | |
|---|---|
| 1) निविदा आमंत्रित करनेवाले पदाधिकारी का नाम – | सचिव, झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची। |
| 2) (i) निविदादाता का नाम एवं पता ------<br>(ii) दूरभाष / मोबाईल न0 ------- | |
| 3) सभी परीक्षाओं का व्यवहृत / मूल्यांकित उत्तरपुस्तिका एवं UNUSED प्रश्न पत्र –सह– उत्तरपुस्तिका के पैकेट<br>(i) कार्यादेश के लिए तकनीकि बीड के कॉलम 4 में अंकित कार्य का व्यौरा के अनुरूप एकमुश्त की राशि जो निविदादाता देने हेतु इच्छुक है। | |

निविदादाता का हस्ताक्षर